दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, मंगलवार 25 जून 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-263

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सऊद अरब के अभा हवाई अड्डे पर हमला, एक की मौत, आठ घायल

**रियाद।** दक्षिणी सऊदी अरब में स्थित अभा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को लक्षित करके किये गये हमले में रविवार को कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गयी तथा आठ अन्य लोग घायल हो गये। अल अरबिया टेलीविजन ने यह जानकारी दी है। अल अरबिया की रिपोर्ट के अनुसार हवाई अड्डे के पार्किंग क्षेत्र में ड्रोन से किये गये हमले में सीरिया के एक नागरिक की मौत हो गयी तथा आठ अन्य लोग घायल हो गये।

### हाईकोर्ट ने मोबाइल टावर लगाए जाने के खिलाफ दायर याचिका खारिज की

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने उत्तरी दिल्ली के एक इलाके में एक मोबाइल टावर लगाए जाने के खिलाफ दायर एक याचिका खारिज करते हुए कहा कि इसे स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित करने वाला कोई वैज्ञानिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। जज जयंत नाथ ने हाईकोर्ट की एक खंडपीठ के फैसले को आधार बनाते हुए एक आवासीय कल्याण एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में इस बात का जिक्र किया कि एक खंडपीठ ने कहा था कि ऐसा कोई वैज्ञानिक आंकडा उपलब्ध नहीं है जो यह प्रदर्शित करता हो कि मोबाइल फोन टावर से निकलने वाली तरंगे लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हैं। जज ने उत्तर दिल्ली के गोपाल नगर में एक मोबाइल टावर लगाए जाने के खिलाफ गोपाल नगर आवासीय कल्याण एसोसिएशन की याचिका पर यह आदेश जारी किया।

### करंट लगने से 14 श्रद्धालुओं की मौत, 50 से अधिक घायल

» कथा के दौरान आंधी से पंडाल गिरा

**बाड़मेर( आरएनएस)।** राजस्थान में बाड़मेर जिले के बालोतरा कस्बे में स्थित जसोल धाम में चल रही कथा के दौरान आज अचानक मौसम में आये बदलाव से पंडाल गिरने से चौदह श्रद्धालुओं की मौत हो गई तथा पचास से अधिक घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार जसोल में माता रानी भटियाणी जी की कथा चल रही थी जिसमे बड़ी तादाद में श्रद्धालु उपस्थित थे। हादसे के बाद वहां अफरा-तफरी फैल गई। बताया जा रहा है कि तूफान इतना तेज था कि लोगों को संभलने का भी मौका नहीं मिला। जानकारी के अनुसार हादसा बाड़मेर जिले के जसोल गांव में हुआ. गांव के स्कूल परिसर में रामकथा का आयोजन किया जा रहा था। आयोजन के लिए वहां करीब 200 फीट का लोहे का पांडाल लगाया गया था. पांडाल में करीब एक हजार श्रद्धालु मौजूद बताए जा रहे हैं। इसी दौरान दोपहर बाद मौसम ने पलटा खाया। करीब पौने चार बजे अचानक तेज आंधी-तूफान आया, जिससे पांडाल गिर गया और श्रद्धालु उसमें दब गए।

### जल संकट के मुद्दे पर राज्यसभा में विशेष चर्चा कराने की मांग

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश में निरंतर बढ रहे जल संकट पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सदस्यों ने राज्यसभा में इस मुद्दे पर चर्चा कराने और समस्या के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की आज मांग की। भारतीय जनता पार्टी के सत्यनारायण जटिया, अशोक वाजपेयी और सरोज पांडे तथा समाजवादी पार्टी के रेवती रमण सिंह ने शून्यकाल में जल संकट का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए और नदियों को जोड़ने जैसी परियोजनाओं पर अमल किया जाना चाहिए। सभापति एम वेंकैया नायडू ने कहा कि यह बेहद महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने सदस्यों से इस बारे में नोटिस देने को कहा जिससे कि सदन में इस पर सार्थक बहस करायी जा सके। सभापति ने कहा कि पानी को संरक्षित करने के साथ साथ इस मुद्दे को प्राथमिकता दिये जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सदस्यों को सुझावों और समाधान के साथ इस बारे में अपनी बात रखनी चाहिए। सदन में कांग्रेस के उप नेता आनंद शर्मा ने भी इस मुद्दे पर सदन में विशेष चर्चा कराने का सुझाव दिया।

# अमेरिका से छह खरब के हथियार खरीदेगा भारत

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत देश की शक्ति में इजाफा करने के लिए अमेरिका सहित अन्य देशों से काफी हथियार खरीद चुका है। सूत्रों से मिली जानकारी के अब भारत अमरीका से लॉन्ग रेंज मेरिटाइम पेट्रोल एयरक्राफ्ट पी-8आई आदि खरीदेगा। साल 2007 से अब तक भारत-अमेरिका के साथ 17 बिलियन डॉलर के सौदे कर चुका है। भारत अगले दो-तीन सालों में अमेरिका के साथ 10 बिलियन डॉलर यानी छह खरब का रक्षा सौद करने वाला है। यह सौदा ऐसे समय पर किया जा रहा है जब दोनों देशों के बीच व्यापार और इमिग्रेशन को लेकर चिंता जारी है। अमेरिका के साथ यह रक्षा सौदा विदेशी सैन्य बिक्री कार्यक्रम के तहत किए जाएंगे। इसके अतंर्गत भारत अमेरिका से लॉन्ग रेंज मेरिटाइम पेट्रोल एयरक्राफ्ट पी-8आई खरीदेगा। इससे पहले भी भारत अमेरिका से यह एयरक्राफ्ट खरीद चुका है।

**देश की सामरिक शक्ति में होगी बढ़ोतरी**



रक्षा मंत्रालय की एक समिति पिछले हफ्ते ही पी-8आई एयरक्राफ्ट को खरीदने की मंजूरी दे चुकी है। अब इसे मंजूरी के लिए रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) के पास अगस्त में भेजा जाएगा। इस परिषद की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। भारत द्वारा पहले से खरीदे 12 पी-8आई विमान के मुकाबले यह विमान ज्यादा एडवांस होंगे। भारतीय नौसेना ने बोइंग द्वारा निर्मित इन विमानों को साल 2013 में शामिल किया था। सेंसर, हारपून ब्लॉक-2 मिसाइल, एमके-54 लाइट टॉरपीड और रॉकेट से लैस पी-8आई विमान अपने दुश्मन की सबमरीन को डिटेक्ट करके खत्म कर सकता है। भारत ने इस विमानों के लिए साल 2009 में सौदा किया था। नौसेना के पास इस समय आठ ऐसे विमान हैं। बाकी के चार विमान जुलाई 2021-22 तक नौसेना को मिल जाएंगे।

नौसेना एक दर्जन से ज्यादा पी-8आई विमान का खरीदना चाहती थी लेकिन अमेरिका से 2.5 अरब डॉलर के 30 सशस्त्र सी गार्जियन (प्रीडेटर-बी) ड्रोन की खरीद के बाद 10 विमानों के लिए वह सहमत हुई। इसमें से नौसेना, वायुसेना और भारतीय सेना को 10-10 विमान मिलेंगे। इन हंटर-किलर ड्रोन्स का मामला डीएसी के पास भेजा जा चुका है। इसके अलावा 24 नेवल मल्टी-रोल एमएच60 रोमियो हेलिकॉप्टर (2.6 बिलियन डॉलर), दिल्ली के ऊपर शील्ड के लिए नेशनल एडवांस सर्वेस टू एयर मिसाइल सिस्टम-2 (लगभग एक बिलियन डॉलर) और छह अपाचे हेलिकॉप्टर (930 मिलियन डॉलर) के सौदे अमेरिका के साथ किए जाएंगे।

साल 2007 से अब तक भारत ने अमेरिका के साथ 17 बिलियन डॉलर का सौदा किया है। दोनों देश कई मोर्चों पर अपनी रणनीतिक साझेदारी का विस्तार कर रहे हैं। इसके बावजूद भारत काट्सा के तहत वित्तिय खतरों का सामना कर रहा है। ट्रंप प्रशासन ने भारत के रूस के साथ अक्तूबर 2018 में किए एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल सिस्टम का विरोध किया था। यह रक्षा सौदा 5.43 बिलियन डॉलर का है।

इसके बाद भारत ने मार्च 2019 में भारत ने परमाणु क्षमता वाली हमलावर पनडुब्बी अकुला-1 को 10 साल के लिए पट्टे पर लेने के लिए रूस के साथ तीन अरब डॉलर का समझौता किया था। काट्सा के तहत भारत को अमेरिकी प्रतिबंधों से छूट मिलती है या नहीं इसका पता मंगलवार को चल जाएगा जब अमेरिका के विदेश सचिव माइक पॉम्पियो भारत आएंगे।

## सिंधू नदी में वाहन गिरने से 14 लोगों की मौत, कई घायल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में नदी में एक वाहन गिरने से 14 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। डॉन न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि 21 लोगों को लेकर घरदार से सईद गाजियाबाद जा रहे एक वाहन पर से उसके चालक का उस समय नियंत्रण हट गया जब वह एक तेज मोड़ पर से अपना वाहन निकाल रहा था। उन्होंने कहा कि वाहन सड़क से फिसल गया और सिंधु नदी में गिर गया।

पुलिस अधिकारी ने कहा कि वाहन के नदी में गिरने से पहले सात यात्री वाहन से बाहर कूद गए, और शेष सभी यात्री डूब गए। उन्होंने कहा, हमने आठ शव निकाल लिए हैं। अन्य छह शवों की तलाश जारी है। पुलिस कर्मी और स्थानीय लोग बचाव अभियान में सक्रिय हैं। वाहन से कूदने वाले सात लोग घायल हो गए थे और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है।

## उपभोक्ता संरक्षण बिल 2019 को मिली मंजूरी, हुए कई अहम फैसले

» कैबिनेट की बैठक खत्म

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक हुई. इस बैठक में कई अहम फैसले हुए. कैबिनेट उपभोक्ता संरक्षण बिल 2019 को मंजूरी दे दी. ये बिल अगले हफ्ते संसद में पेश हो सकता है. इस विधेयक में उपभोक्ता के हितों की रक्षा करने के लिए नए प्रावधान अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित हैं. वहीं इस कैबिनेट बैठक में मोटर व्हीकल अमेंडमेंट बिल को भी मंजूरी दे दी गई है.



इसके अलावा चीनी का 20 लाख टन बफर स्टॉक बनाने के लिए कैबिनेट नोट जारी कर दिया गया है.

सूत्रों के हवाले से मिली खबर के मुताबिक केंद्रीय कैबिनेट ने आज उपभोक्ता संरक्षण बिल 2019 को मंजूरी दे दी है. इस विधेयक में उपभोक्ता के हितों की रक्षा करने के लिए नए प्रावधान अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित हैं. इसके अलावा इस कैबिनेट बैठक में मोटर व्हीकल अमेंडमेंट बिल को भी मंजूरी दी गई है.

वहीं, चीनी का 30 लाख टन बफर स्टॉक बनाने के लिए कैबिनेट नोट जारी कर दिया गया है. अगले हफ्ते कैबिनेट में इस को मंजूरी मिल सकती है. शनिवार को प्रधानमंत्री कार्यालय में इसको लेकर बैठक हुई थी.

ज्ञात हो कि मौजूदा चीनी का स्टॉक 30 लाख टन की समय सीमा 30 जून तक है. सरकार मौजूदा स्टॉक की मियाद 1 साल के लिए बढ़ा सकती हैं. सरकार इसके लिए 1100 करोड रुपए की सब्सिडी भी दे सकती है.

बड़े एयरपोर्ट पर टैरिफ चार्जेज तय करने के लिए अलग अथॉरिटी बनाने का प्रस्ताव, सालाना 15 लाख से ज्यादा पैसेंजर्स वाले एयरपोर्ट पर लागू होगा नियम.

कैबिनेट बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, रसायन व उर्वरक मंत्री डीवी सदानंद गौड़ा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर समेत चार अन्य मंत्री भी शामिल हुए.

## एयर इंडिया का पायलट चोरी के आरोप में सस्पेंड

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** एयर इंडिया के एक सीनियर पायलट को सिडनी एयरपोर्ट की दुकान से पर्स चुराने के आरोप में सस्पेंड कर दिया गया है. सीनियर पायलट शनिवार को जब दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले थे, तभी उनके घर से फोन आया. फोन पर उन्हें बताया गया कि वे दादा बन गए हैं. इसके बाद वे एयरपोर्ट की एक दुकान में गिफ्ट लेने चले गए.




रिपोर्ट के मुताबिक, एयर इंडिया के प्रवक्ता धनंजय कुमार ने बताया कि पूर्वी क्षेत्र के रीजनल डायरेक्टर कैप्टन रोहित भसीन ने दुकान से बिना पैसे चुकाए सामान लिया है. ऑस्ट्रेलिया के रीजनल मैनेजर ने ये शिकायत की है. इसी के आधार पर उन्हें निलंबित कर दिया गया है. धनंजय कुमार एयर इंडिया 301 के पायलट थे.

धनंजय कुमार ने कहा, एयरलाइन संचालन का पूरा ध्यान देती है और किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जा सकती. सिडनी में ड्यूटी फ्री शॉप से सामाने लेने के मामले में पायलट को सस्पेंड कर दिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है.

मामले पर पायलट ने एयर इंडिया के समाने अपना बयान दर्ज कराया है. पायलट ने कहा, दादा बनने के कारण मैं बहुत खुश था. फ्लाइट लेकर रवाना होने से पहले मैं अपनी बहु के लिए गिफ्ट लेने गया. मैंने कुछ सामान लिए, लेकिन देर होने के कारण मैं कीमत चुकाना भूल गया. एयरक्राफ्ट के पहुंचने के बाद मुझे याद आया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी. मुझे मैनेजर को कारण बताने का समय नहीं मिला, क्योंकि तुरंत विमान उड़ाना था.

## गोलीबारी की 2 घटनाओं में 1 की मौत, 2 घायल



**वाशिंगटन।** अमेरिका के टेक्सास में रविवार को गोलीबारी की दो घटनाओं में एक शख्स की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, डलास स्ट्रिप क्लब के बाहर रविवार देर रात एक 28 वर्षीय व्यक्ति को बुरी तरह से गोली मार दी गई। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित और संदिग्ध क्लब के पास पार्कि ग स्थल पर थे, तभी संदिग्ध ने देर रात 12.45 बजे (स्थानीय समयानुसार) फायरिंग करनी शुरू कर दी।

घायल को पास के अस्पताल में ले जाया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया। एक अलग घटना में, रविवार देर रात लगभग दो बजे डलास में दो लोगों को गोली मार दी गई। पीड़ितों ने पुलिस को बताया कि वे जुआ खेल रहे थे तभी कुछ लोग उनके पास पहुंचे, उनके साथ बहस करने लगे और फिर उन्हें गोली मार दी। पुलिस के अनुसार, 20 वर्षीय व्यक्ति को दाहिने पिंडली में गोली लगी और 33 वर्षीय व्यक्ति को उसके निचले धड़ में गोली लगी। दोनों स्थानीय अस्पताल में भर्ती हैं और दोनों की हालत स्थिर है। बंदूकधारी के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है।

## एएन-32 पर्वतीय क्षेत्रों में उड़ान जारी रखेगा: धनोआ

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय वायुसेना (आईएएफ) प्रमुख बी.एस. धनोआ ने सोमवार को कहा कि एएन-32 विमान पर्वतीय क्षेत्रों में उड़ान भरना जारी रखेगा, क्योंकि कोई दूसरा विकल्प नहीं है। वायुसेना प्रमुख की यह टिप्पणी 3 जून को अरुणाचल प्रदेश में एक एएन-32 के दुर्घटनाग्रस्त होने के दो हफ्ते बाद आई है। इस दुर्घटना में विमान में सवार सभी 13 लोग मारे गए।

## जम्मू-कश्मीर आरक्षण संशोधन विधेयक को आज संसद में पेश करेंगे शाह

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को लोकसभा में जम्मू-कश्मीर आरक्षण संशोधन बिल 2019 पेश करेंगे। कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद आधार और अन्य कानून संशोधन बिल लोकसभा में रखेंगे। इससे पहले राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। जम्मू-कश्मीर आरक्षण संशोधन विधेयक को फरवरी में कैबिनेट और राष्ट्रपति से मंजूरी मिल चुकी है। पिछले महीने राष्ट्रीय चुनावों में पार्टी की निर्णायक जीत और निचले सदन और मंत्रिमंडल की नियुक्ति के बाद संसद में भाजपा अध्यक्ष अमित शाह का यह पहला विधेयक होगा।

नियमों के अनुसार, अब यह बिल लोकसभा में चर्चा के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। जम्मू और कश्मीर आरक्षण (संशोधन) अध्यादेश 2019 को केंद्रीय कैबिनेट ने 28 फरवरी 2019 को मंजूरी दी थी। इसके द्वारा जम्मू और कश्मीर आरक्षण विधेयक 2004 में संशोधन होगा जिससे राज्य में सीमा के भीतर रहने वाले लोगों को भी वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के बराबर का आरक्षण मिलेगा। यह विधेयक जम्मू और कश्मीर में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाले अध्यादेश की जगह लेगा।



इससे जम्मू-कश्मीर के युवाओं को फायदा होगा जो राज्य सरकार की नौकरियों को पाना चाहते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण को जनवरी 2019 में 103 वें संविधान संशोधन के माध्यम से लागू किया गया था।

ज्ञात हो कि भाजपा शुरू से ही जम्मू और कश्मीर में अनुच्छेद 370 को रद्द करने की बात कहती आई है। संविधान का यह अनुच्छेद जम्मू-कश्मीर को संविधान, ध्वज और राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मामलों को छोड़कर अपने स्वयं के कानूनों को बनाने का अधिकार देता है। जबकि और अनुच्छेद 35ए राज्य के स्थायी निवासियों को परिभाषित करता है और बाहरी लोगों को संपत्ति रखने और सरकारी नौकरियों सहित लाभ प्राप्त करने से बाहर रखता है।

## 24 घंटे में 9 हत्याओं से दिल्ली में मचा हड़कंप

» केजरीवाल ने पुलिस पर साधा निशाना

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी में गंभीर अपराधों में खतरनाक उछाल को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और दिल्ली पुलिस के बीच जुबानी जंग चल रही है.

दिल्ली के वसंत विहार इलाके के एक घर में रविवार को एक बुजुर्ग दंपति और उनकी नौकरानी का खून से लथपथ शव मिलने के चंद घंटों बाद शहर में बढ़ते अपराध को लेकर मुख्यमंत्री केजरीवाल और दिल्ली पुलिस के बीच जुबानी जंग छिड़ गई. मुख्यमंत्री ने 24 घंटे के भीतर नौ लोगों की हत्या से शहर में गंभीर अपराधों की भयावहता को लेकर दिल्ली पुलिस की निंदा की. केजरीवाल ने ट्वीट किया, दिल्ली में तेजी से बढ़ते अपराध के कारण स्थिति भयावह होती जा रही है. वसंत विहार इलाके में एक बुजुर्ग दंपति (विष्णु माथुर और शशि माथुर) और उनकी नौकरानी (खुशबू) की हत्या सहित 24 घंटे के भीतर शहर में नौ लोगों की हत्या हो गई. दिल्लीवासी सुरक्षा के लिए किसका दरवाजा खटखटाएं?



वैसे दिल्ली को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिल्ली पुलिस और सीएम अरविंद केजरीवाल के बीच जुबानी जंग अक्सर चलती रहती है, लेकिन इस बार उन्होंने 24 घंटे में हुई 9 मौत के सहार निशाना साधा है. उनके ट्वीट का जवाब दिल्ली पुलिस ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर दिया है.

## केंद्र, बिहार और यूपी सरकार से सात दिन में मांगा जवाब

» चमकी बुखार से बच्चों की मौत पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** चमकी बुखार से हो रही बच्चों की मौत पर सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई हुई. सोमवार को सुनवाई के दौरान इस मामले पर कोर्ट ने सख्ती दिखाई और कहा कि ये ऐसे ही नहीं चल सकता. इसके लिए हमें जवाबदेही तय करनी होगी. कोर्ट ने इसे गंभीर चिंता का विषय बताया. वहीं कोर्ट ने केंद्र, बिहार और उत्तर प्रदेश सरकार को 7 दिनों के भीतर हलफनामा दाखिल करने को कहा है, जिसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता से जुड़ी सुविधाओं का विवरण देना है।